दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, शुक्रवार 28 जनवरी 2022

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### परियोजना अधिकारी निलंबित

**जगदलपुर (आरएनएस)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे रेडी टू ईट तथा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत ब्लॉक तोकापाल में पोषण पुनर्वास केन्द्र का पूरी क्षमता से संचालन नहीं करने के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं में लापरवाही पर बाल विकास परियोजना अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश कलेक्टर रजत बंसल ने दिए। उन्होंने विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं लाए जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी, पोषक आहार वितरण की निगरानी के निर्देश सभी एसडीओ को टीएल बैठक में कलेक्टर बंसल ने दिए है।

### अवैध गौण खनिज परिवहन में लिप्त 4 वाहन जब्त

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के छपरागुड़ा, उपनपाल, नगरनार एवं जगदलपुर क्षेत्र में गौण खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर परिवहन कर्ताओं के विरूद्ध खनिज का अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर 04 वाहन जब्त किए गए। सभी वाहनों को खनिजों के साथ जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुए वाहन मालिक विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही में लिया गया।

### एनटीपीसी सीपत की रेल लाइन पर धरना से कोयला परिवहन प्रभावित

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल की दीपका रेलवे साइडिंग से रेक लोडिंग एनटीपीसी सीपत के लिए जाने वाली कोयला लदान को गुरुवार की सुबह 9 बजे से रोकनर प्रदर्शन किया जा रहा है। एनटीपीसी से प्रभावित भू-विस्थापितों ने रेंकी के रेलवे फाटक पर काफी संख्या में इकट्ठे होकर अपनी मुआवजा रोजगार को लेकर रेलवे फाटक पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि पूर्व में प्रभावित भू-विस्थापितों के रोजगार, मुआवजा को लेकर एनटीपीसी कोयला लादे जाने वाली मालवाहक को बंद किया गया था और एनटीपीसी, रेलवे अधिकारियों, एसईसीएल प्रबंधन साथ में प्रशासनिक अधिकारी के समक्ष सहमति से रोजगार और मुआवजा को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज पर्यंत तक नहीं पूरा किया गया। इसे लेकर आज फिर से प्रभावित भू-विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं।

### प्रेम प्रसंग : दो युवकों से विवाद के बाद प्रेमी ने तालाब में लगाई छलांग, लापता

**रायपुर/बलौदाबाजार (आरएनएस)।** बलौदाबाजार जिले में प्रेम प्रसंग के मामले में मारपीट के दौरान प्रेमी ने जान बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। पूरा मामला बिलाईगढ़ का है। आश्चर्य की बात यह है कि युवक अभी तक लापता है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम युवक को ढूंढने में नाकाम रही है। दरअसल रविवार की रात बिलाईगढ़ के रहने वाले दो युवकों का उमेश साहू के साथ विवाद हुआ था। परिवार युवती से अफेयर होने के शक में दोनों ने उमेश को दशहरा मैदान के पीछे स्थित तालाब के पास ले गए और वहां उसके साथ मारपीट की। इस दौरान युवक ने बचने के लिए तलाब में छलांग लगा दी। जिसकी सूचना मिलने के बाद घर वालों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद युवक की तलाश की गई। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी ना ही युवक का पता लग पाया है और ना ही उसका शव बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस ने दोनों संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी कई नई सौगातें

- » अनियमित भवन निर्माण के नियमितीकरण के लिए सरकार सरल कानून बनाएगी
- » ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय पट्टे की भूमियों को फ्री होल्ड किया जाएगा
- » शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का विस्तार सभी नगरीय निकायों में
- » शासकीय कर्मचारियों के सीपीएस में शासन का अंशदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाएगा, प्रति सप्ताह 5 कार्य दिवस प्रणाली पर होगा काम

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को कई सौगातें दीं। उन्होंने बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में ध्वजारोहण के बाद प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश के दौरान कई नई घोषणाएं कीं। उन्होंने अनियमित भवन निर्माण के नियमितीकरण के लिए इसी वर्ष एक व्यवहारिक, सरल एवं पारदर्शी कानून बनाने की घोषणा की। इससे अनेक नागरिक प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे और वे अपनी मेहनत से किए गए निर्माण को नियमित कराकर स्वाभिमान से जीवन-यापन एवं रोजगार कर सकेंगे। उन्होंने रिहायशी क्षेत्रों में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों के नियमितीकरण के लिए भी आवश्यक प्रावधान किए जाने की



घोषणा की जिससे हजारों व्यवसाई आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय संचालित कर सकें।

मुख्यमंत्री बघेल ने अपने गणतंत्र दिवस भाषण में प्रदेश में नगर निगम से बाहर के ऐसे क्षेत्र जो निवेश क्षेत्र में शामिल हैं, वहां 500 वर्गमीटर तक का भवन विन्यास बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के तय समय-सीमा में जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि नगर निगमों में 500 वर्गमीटर तक के भवनों में मानवीय हस्तक्षेप के बिना 'डायरेक्ट भवन अनुज्ञा प्रणाली' प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने नगरीय-निकायों में नल कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को 'डायरेक्ट भवन अनुज्ञा' की तर्ज पर मानवीय हस्तक्षेप मुक्त बना कर समय-सीमा में नल कनेक्शन दिए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय पट्टे की भूमियों को फ्री होल्ड किए जाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने शहरी क्षेत्रों में आबादी, नजूल एवं स्लम पर स्थित पट्टों को फ्री होल्ड करने का निर्णय लिया था, जिससे नागरिकों को भूमि-स्वामी का हक प्राप्त हुआ। अब इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक नीति में संशोधन कर इस प्रवर्ग के लिए दस प्रतिशत भू-खण्ड आरक्षित किए जाने की घोषणा की। यह भू-खंड भू-प्रीमियम दर के दस प्रतिशत दर तथा एक प्रतिशत भू-भाटक पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की सफलता को देखते हुए इसका विस्तार प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में किए जाने की घोषणा की। बघेल ने युवाओं की सहूलियत के लिए लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रकिया का सरलीकरण किए जाने का ऐलान किया। इसके लिए वृहद स्तर पर 'परिवहन सुविधा केंद्र' प्रारम्भ किए जाएंगे। इन केन्द्रों को न केवल लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु अधिकृत किया जाएगा अपितु इन केन्द्रों में परिवहन विभाग से संबंधित समस्त सेवाएं नागरिकों को अपने निवास के पास मिल सकेंगी एवं प्रदेश के युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने शासकीय कार्मिकों के हित में भी दो घोषणाएं कीं। कर्मचारियों के अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत राज्य सरकार का अंशदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों की कार्य क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 5 कार्य दिवस प्रति सप्ताह प्रणाली लागू करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए हर जिले में 'महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ' के गठन की घोषणा की। उन्होंने तीरंदाजी को प्रोत्साहित करने के लिए जगदलपुर में 'शहीद गुंडाधूर' के नाम पर राज्य स्तरीय तीरंदाजी अकादमी प्रारम्भ करने की भी घोषणा की।

## राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में श्रेष्ठ कार्य के लिए 20 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

**रायपुर (आरएनएस)।** 73वें गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के पावन अवसर पर रायपुर जिला कलेक्टर सौरभ कुमार ने रायपुर जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में श्रेष्ठ कार्य कर अपना विशिष्ट योगदान देने वाले 20 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में श्रेष्ठ कार्य के लिए नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य अधिकारी विजय पाण्डेय, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणिग्राही, सहायक अभियन्ता सुशील मोडेस्टर,शेखर सिंह, एस. के. गिलहरे, उप अभियन्ता युवराज सिदार, अतुल बंसल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अब्दुल नफीस, राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर साहू,कार्य सहायक टाकेश्वर ध्रुव, सुपरवाइजर भोला तिवारी,भृत्य चम्मन लाल टंडन,सफाई कामगार उमेश सानी, ओमप्रकाश राड़े, यशवंत कुमार, प्रतिमा दीप, निशा नाग, सीमा रगड़े, वार्ड सुपरवाईजर गणेश बघेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर खेमराज साहू को प्रमाणपत्र प्रदत्त कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने नगर निगम रायपुर के उक्त सभी 20 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में रायपुर शहर को देश में 6 वां स्थान दिलवाने में विशिष्ट योगदान देने उनकी पीठ थपथपाई एवं उन्हें राष्ट्रीय पर्व 73वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें दीं।

## छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की कामयाबी का साक्षी बना राजपथ

- » गणतंत्र दिवस पर निकली छत्तीसगढ़ की झांकी ने लाखों दर्शकों का मन मोहा
- » राजपथ पर दिखी छत्तीसगढ़ के गाँव और गौठान की झांकी
- » तालियों की गड़गड़ाहट से हजारों दर्शकों ने छत्तीसगढ़ की झांकी को सराहा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना के कामयाबी की मिसाल इस बार गणतन्त्र दिवस के परेड के दौरान देखने को मिली। इस कामयाबी के साक्षी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों बने। इस बार गणतन्त्र दिवस पर नई दिल्ली के राजपथ पर निकली छत्तीसगढ़ की झांकी ने प्रदेश के गाँव और गौठान को प्रदर्शित किया। झांकी के समक्ष छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने ककसाड़ नृत्य का प्रदर्शन किया। राजपथ पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों सहित लाखों दर्शकों ने छत्तीसगढ़ के झांकी की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहना की।

छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना पर आधारित आकर्षक झांकी ने राजपथ पर अपनी छटा बिखेरी। यह झांकी ग्रामीण संसाधनों के उपयोग के पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय से एक साथ अनेक वैश्विक चिंताओं के समाधानों के लिए यह झांकी विकल्प प्रस्तुत करती है।

झांकी के अगले भाग में गाय के गोबर को इकट्ठा करके उन्हें विक्रय के लिए गौठानों के संग्रहण केंद्रों की ओर ले जाती ग्रामीण महिलाओं को दर्शाया गया है। ये महिलाएं पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में हैं। उनके चारों ओर सजे फूलों के गमले गौठानों में साग-सब्जियों और फूलों की खेती के प्रतीक हैं। नीचे की ओर गोबर से बने दीयों की सजावट है। झांकी के पिछले भाग में गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित होते दिखाया गया है। वहीं मध्य भाग में दिखाया गया है कि गाय को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र में रखकर किस तरह पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, पोषण, रोजगार और आय में बढ़ोतरी के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है।

## महिला स्वावलंबन की ओर छत्तीसगढ़ सरकार का एक और बड़ा कदम, बेटियां बनेंगी सशक्त

- » नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, अब पंजीकृत श्रमिकों की बेटियों के खाते में आएंगे 20-20 हजार रुपये
- » मजदूर परिवारों की पहली दो बेटियों को राज्य सरकार इस योजना में देगी 20-20 हजार रुपये

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में अब मजदूर परिवारों की पहली दो बेटियों को उनकी शिक्षा, रोजगार और विवाह के लिए 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि राज्य सरकार देगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह घोषणा गणतंत्र दिवस के मौके पर की है। इस योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक श्रमिक को छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत होना आवश्यक है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में राज्य सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उनकी शिक्षा, सेहत, स्वावलंबन और आत्मसम्मान के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। सरकारी योजनाओं और आर्थिक नवोन्मेष से महिलाओं को जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल तब से लगातार जारी है। नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना इसी प्रयास से आगे बढ़ता कदम है। जिसमें पात्र हितग्राही श्रमिक की पहली दो वयस्क और अविवाहित पुत्रियों को 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि छत्तीसगढ़ सरकार देगी।

प्रोत्साहन राशि को पात्र हितग्राही की बेटियों के बैंक खाते एकमुश्त भेजी जाएगी, इसके लिए आवेदक का बैंक खाता और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। इस राशि का उपयोग बेटियों की शिक्षा, रोजगार, कौशल उन्नयन, स्व-रोजगार, स्वावलंबन और उनके विवाह के लिए भी किया जा सकेगा। पात्र हितग्राहियों में लड़की के माता-पिता में से एक या दोनों कम से कम एक साल पूर्व श्रमिक मंडल में वैध रूप से पंजीकृत होने चाहिए। इस योजना में आश्रित पुत्री, जिसके लिए आवेदन किया गया है वह किसी अन्य विभाग में या बीओसी मंडल की पंजीकृत हितग्राही नहीं होनी चाहिए।

नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत जिला श्रम कार्यालय में श्रम निरीक्षक, श्रम उपनिरीक्षक द्वारा आवेदन सत्यापन उपरांत सहायक श्रम आयुक्त, श्रम अधिकारी या सहायक श्रम पदाधिकारियों के पास नियमानुरूप आवेदन जमा कर सकेंगे। तत्पश्चात राज्य सरकार पंजीकृत मजदूर की अविवाहित दो बेटियों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जाएगी।

## सायबर सेल ने 19 लाख 22 हजार रुपये के गुम हुए मोबाइल को किया बरामद

- » गुम हुए मोबाइल संबंधित व्यक्तियों को लौटाया जायेगा

**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग पुलिस व सायबर सेल ने वर्ष 2020-2021 में लोगों के गुम हुए मोबाइल के आवेदन का निराकरण करने अभियान चलाकर गुम हुए 115 मोबाइल को बरामद करने में सफलता हासिल की है।

मिली जानकारी के मुताबिक 2020-2021 के दौरान गुम हुए मोबाइल की रिपोर्ट पर आवेदनों का निराकरण करने का आदेश पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ओपी पाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएन मीणा के निर्देश पर गुम हुये मोबाइल की पतासाजी कर लौटाने का आदेश दिया गया था। जिस पर पुलिस व सायबर सेल की टीम को मिलाकर एक विशेष टीम को गठित कर गुम मोबाइल को ट्रेस कर भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 115 नग स्मार्ट फोन को बरामद कर प्रार्थियों को लौटाया जा रहा है जिसकी अनुमानित कीमत 19 लाख 22 हजार बताया गया है। बरामद किया गये 115 नग मोबाइल को दुर्ग पुलिस के सोशल एकाउन्ट, ट्वीटर, इन्स्टाग्राम, फेसबुक पर मोबाइल के ईएमआई नंबर की लिस्ट अपलोड की जायेगी।

## डेढ़ लाख रुपये देकर जनरल स्टोर के संचालक ने कराई थी लूट, 6 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/रायपुर (आरएनएस)।** सोमवार की सुबह 15 लाख के पान मसाला से भरे माजदा को लूटने वाले फरार 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि लिंगियाडीह में जनरल स्टोर का संचालन करने वाले ने डेढ़ लाख रुपये देकर बदमाशों को लूट करने कहा था। पुलिस ने मामले में जनरल स्टोर के संचालक को भी पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट का माल और माजदा जब्त कर लिया है।

तोरवा थाना प्रभारी सुरेंद्र स्वर्णकार ने बताया कि सोमवार की सुबह इलाहाबाद निवासी विजय करण पान मसाला फैक्ट्री में ड्राइवर है। सोमवार की सुबह वे 15 लाख का राजश्री पान मसाला लेकर कोरबा के लिए निकले थे। धूमा चौक के पास कार सवार युवकों ने उन्हें रोककर पान मसाला से भरा माजदा लूट लिया। इसकी शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। मंगलवार की शाम सूचना मिली कि लिंगियाडीह में रहने वाला पवन मौर्य बड़ी मात्रा में राजश्री बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने पवन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। उसने बताया कि पान मसाला लूटने के लिए एक महीने पहले योजना बनाई थी। इसके लिए, उसने लूट और चोरी के मामले में शामिल मोहम्मद वसीम (32) निवासी चुचुहियापारा, मोहम्मद बिलाल अंसारी(26) निवासी वाम्बे आवास लिंगियाडीह,शेख साहिल उर्फ सोनू मन्सूरी(30 साल) निवासी लिंगियाडीह अटल आवास को शामिल किया। इसके अलावा उसने पान मसाला फैक्ट्री में पहले काम करने वाले युवक राकेश नायडू(31) निवासी टिकरापारा व राघव सोनी(35) निवासी अटल आवास सरकण्डा को भी शामिल कर लिया। राकेश वहां ड्राइवर का काम करता था। उसने ही आरोपी को माल लेकर निकलने वाले वाहनों का समय बताया था। सोमवार की सुबह युवकों ने लूट की घटना को अंजाम देने के बाद पान मसाला दूसरे वाहन में लादकर पवन मौर्य को दे दिया। पवन उसे लिंगियाडीह में छिपाकर रखा था। इसे बेचने के फिराक में वे पुलिस की नजर में आ गए। पुलिस ने मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य लक्ष्य में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## कर्तव्यों के उत्कृष्ट निर्वहन हेतु समर्पण व संवेदनशीलता जरूरी : कलेक्टर सिंह

- » कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मनाया गणतंत्र दिवस का पर्व

**रायगढ़।** 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंट की और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि संविधान के आदर्शों को साकार करने में सबका सामूहिक योगदान जरूरी है। हम सब महत्वपूर्ण पदों पर है। हमारी



उत्कृष्टता इस बात से साबित होती है कि हम कितने समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके लिए हमें अपने कार्य में लोगों की समस्याओं व उसके त्वरित निराकरण के लिए संवेदनशीलतापूर्वक कार्य करना होगा। जिससे लोगों को समय पर उनकी समस्याओं का समाधान मिले। हम शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन व सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने के माध्यम है। सभी विभाग अपने विभागीय कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक करें और शासन की विभागीय योजनाओं का लक्ष्य पूरा करें। जिससे अधिक से अधिक लोगो को उसका लाभ मिले। हम सब अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन करेंगे, तो संविधान निर्माताओं के सपनों का भारत हमारे सामने होगा। यह दिन है कि हम एक नागरिक के रूप में हमें मिले अधिकार व राष्ट्र निर्माण में हमारे द्वारा निभायी जा रही भूमिका पर हम आत्ममंथन करें। ताकि अपनी कमियों को पहचानें और उसे दूर करें, जिससे हमारा विकास होगा और देश आगे बढ़ेगा।

अपर कलेक्टर आर.ए. कुरुवंशी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा कि संविधान ने इसे विविधता पूर्ण देश को एक सूत्र में बांधा है। संविधान से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले है। उन अधिकारों व सिद्धांतो को लागू करने में हमें अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिये। आज हम सभी उन सिद्धांतो का स्मरण करें तथा उसे अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाईफ में उतारने का प्रयास करें। जिससे हम इस व्यवस्था के संचालन की मिली जिम्मेदारी पर खरे उतर सके।

इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों ने भी गीत व वक्तव्यों के माध्यम से अपनी बात रखी। डीकाराम शेष, माधुरी त्रिपाठी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।